**दिनांक 16.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of 100 Bedded OBC Girls Hostel at Gayaji (Campus of Bodh Gayaji University) कार्य हेतु प्राप्त सत्यापित अनुभव प्रमाण–पत्र पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री अभय कुमार सिंह,**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री अखिलेश कुमार,**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, गया जी। | - | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | Construction of 100 Bedded OBC Girls Hostel at Gayaji (Campus of Bodh Gayaji University) कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹4,90,62,000/- (सचिव, अनु0 जाति अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-273 दिनांक-15.03.2024)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹4,57,21,400/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1552(नि0) अनु0 दिनांक-25.09.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹4,36,22,206/- |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹4,93,16,942/- (असैनिक कार्य) |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-017699(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-18.11.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 26.11.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 08.12.2025 / 15.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 22.12.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 23.12.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया (Reg. No-1230070, Class-I, BCD, Bihar)।<br>(2) श्री मृत्युंजय कंसट्रक्सन, बकरौर, बोधगया, गया जी (Reg. No-1250255, Class-I, BCD, Bihar)।<br>(3) साई किशन इन्टरप्राईजेज, कुर्थौल, परसा, पटना (Reg. No-45(38), Class-I, Bihar)।<br>(4) मो0 एताब अंसारी, गेवल बीघा, रामपुर, गया जी (Reg. No-45/940, Class-I, BSEIDC/TEH, Bihar)। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गयाः

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में Eproc 2 पर परिमाण-विपत्र अपलोड रहने की न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

तृतीय बार आमंत्रित निविदा में Eproc 2 पर शुद्धि पत्र अपलोड करने की तिथि से न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक-12.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया (Reg. No-1230070, Class-I, BCD, Bihar) (2) साई किशन इन्टरप्राईजेज, कुर्थौल, परसा, पटना (Reg. No-45(38), Class-I, Bihar) (3) मो0 एताब अंसारी, गेवल बीघा, रामपुर, गया जी (Reg. No-45/940, Class-I, BSEIDC/TEH, Bihar) को **सफल** (4) श्री मृत्युंजय कंसट्रक्सन, बकरौर, बोधगया, गया जी (Reg. No-1250255, Class-I, BCD, Bihar) को **असफल** घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक 16.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल चार निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा चार निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया (Reg. No-1230070, Class-I, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** श्री मृत्युंजय कंसट्रक्सन, बकरौर, बोधगया, गया जी (Reg. No-1250255, Class-I, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका- 4.2(i) "Evidence of access to or availability of credit facilities (minimum 10% of estimated cost) certified by the bankers". के विरूद्ध उपलब्ध कराये गये दस्तावेज में कार्य का नाम इस कार्य के प्रकाशित निविदा से भिन्न पाया गया। जो निविदा की शर्त्तो को पुरा नहीं करता है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में**''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** साई किशन इन्टरप्राईजेज, कुर्थौल, परसा, पटना (Reg. No-45(38), Class-I, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** मो0 एताब अंसारी, गेवल बीघा, रामपुर, गया जी (Reg. No-45/940, Class-I, BSEIDC/TEH, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों एवं सत्यापित अनुभव प्रमाण-पत्र पर समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इस कार्यालय द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन हेतु मुख्य अभियंता(द0) के पत्रांक-145(भ0) दिनांक-09.01.2026 के आलोक में मुख्य अभियंता, बी0एस0ई0आई0डी0सी0, पटना के पत्रांक-740 दिनांक-06.02.2026 द्वारा संलग्न (छायाप्रति संलग्न) उप प्रबंधक तकनीकी (असैनिक), जिला-नालन्दा, बी0एस0ई0आई0डी0सी0, द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ''संवेदक एताब अंसारी, नियर मौलाना मस्जिद, गेवल बीघा, रामपुर, गयाजी के द्वारा समर्पित किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र जिसका पत्रांक-BSEIDC/NL/DMT/140/2025 दिनांक-04.07.2025 है, जो मेरे कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया है।'' अतः निविदाकार मो0 एताब अंसारी, गेवल बीघा, रामपुर, गया जी को असफल घोषित किया जाता है।

इस प्रकार चार निविदाकार में से दो निविदाकार को **''रिसपान्सिव''** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपान्सिव''** पाया गया।

13 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया (Reg. No-1230070, Class-I, BCD, Bihar) (2) साई किशन इन्टरप्राईजेज, कुर्थौल, परसा, पटना (Reg. No-45(38), Class-I, Bihar) को **सफल** (3) श्री मृत्युंजय कंसट्रक्सन, बकरौर, बोधगया, गया जी (Reg. No-1250255, Class-I, BCD, Bihar) (4) मो0 एताब अंसारी, गेवल बीघा, रामपुर, गया जी (Reg. No-45/940, Class-I, BSEIDC/TEH, Bihar) को **असफल** घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-22.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ह0/-<br>**(अखिलेश कुमार)**<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, गया जी। | ह0/-<br>**(अभय कुमार सिंह)**<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, गया जी। | ह0/-<br>**(मनोज कुमार सिंह)**<br>मुख्य अभियंता (द0),<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-112/2025 55/ऽ पटना/दिनांक 16/02/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.P-1/2026/docx 63